# FARIDABAD

## शहीदों के साथ याद किया वीर शिवाजी को

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Friday,15 February , 2019)



Faridabad News, 15 Feb 2019 : 'स्वाभिमान, स्वभाशा और स्वराज की रक्षा के लिए आराम-चैन से न बैठकर मुगल साम्राज्य से जीवन भर लोहा लेने वाले छत्रपति महाराज वीर शिवाजी स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणा-स्त्रोत थे। आज भी उनके शौर्य की गाथाएं सम्पूर्ण भारत में गूँज रही हैं और वर्तमान पीढी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं' ये विचार थे अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के जब वे महाविद्यालय के सभागार में शिवाजी के विशय में बता रहे थे। उन्होंने बताया कि षिवाजी की जयन्ती 19 फ रवरी को है और उस दिन संत रविदास जयन्ती भी है तथा सरकार की ओर से राजपत्रित अवकाश है अत। अधिकाधिक छात्रों को इन दो महापुरूषों की जीवनी और श्रेष्ठ कार्यों की जानकरी हो सके इसलिए 15 फ रवरी को शिवाजी की जयन्ती के विषय में कार्यक्रक्रम आयोजित किया गया प् इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरुशों की जीवनियाँ पढने की आदत विकसित कर उनके विचारों को अपनाने की अपील भी की प् साथ ही, इस कार्यक्रम में पुलवामा में शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजिका किरण आनन्द ने बताया कि हम सभी को वीरों व जवानों के त्याग को याद रख उनके प्रति सर्वदा कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए प् इस आयोजन में विशेष रूप से पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अशोक निराला और ज्योति उपस्थित थे। 170 विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।